हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

तापमान

अधिकतम 36.1 डिग्री

न्यूनतम 27.1 डिग्री

12 मछौंडा को मिलेगी रेलवे फाटक की सौगात



12 प्रशासन ने बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की



## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी बलजिंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। खन्ना माजरा के हवेली राम ने 12 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2021 से 31 जुलाई 2023 के दौरान आरोपी ने उसके पोते रोबिन को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया किया है।

### लूट के मामले में आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद गुलजार उर्फ गुल्ला को गिरफ्तार किया है। गौरसियां के मनजीत सिंह उर्फ मनीष ने 26 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25/26 सितम्बर 2023 को किसी ने श्मशान घाट नग्गल के पास उसकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर उसकी 60 भेड़ें लूटने का अपराधिक कार्य किया।

### पानीपत में युवक की जहर खाने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव जालपहाड निवासी 19 वर्षीय आमिर ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर ही सल्फास निगल लिया। हालत बिगडने पर उसे परिजनों ने निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि आमिर पेंटर था और कई दिनों से घर पर ही था।

### बंदी फैक्ट्री से लाखों की एल्यूमीनियम प्लेटें चोरी

**यमुनानगर।** शहर के खजूरी रोड पर कामी माजरा स्थित बंद पड़ी पंजाब टिक प्लाईवुड फैक्ट्री से लाखों रुपये की एल्यूमीनियम प्लेट चोरी हो गई। जब फैक्ट्री मालिक प्रोफेसर कॉलोनी निवासी नरेश कुमार गुप्ता को एल्यूमीनियम प्लेटें चोरी होने का पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


# उचित मुआवजा नहीं मिलने तक खेतों में नहीं लगने देंगे बिजली के टावर: चढ़ूनी

## भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रतिनिधिमंडल ने गांव रोड़ छप्पर के खेतों में लगाए जा रहे बिजली के टावरों के मामले में उपायुक्त से की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

किसानों के खेतों में बिजली के टावरों के लगाए जाने के मामले में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन(चढ़ूनी) के सदस्य उपायुक्त कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के साथ बैठक कर उनके खेतों में लगाए जा रहे बिजली के टावरों का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने भाकियू के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उनके मामले को समाधान के लिए अंबाला आयुक्त के पास भेज दिया गया है। जिस पर यूनियन के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तब तक वह अपने खेतों में टावरों को हरगिज नहीं लगने देंगे। इस अवसर पर भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना, हरपाल सिंह सुढ़ैल, डायरेक्टर मनदीप रोड छप्पर, यूनियन के युवा अध्यक्ष संदीप टोपरा, संगठन सचिव विक्रांत ससौली, ललित, चरणजीत सिंह व अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।

- बैठक में नहीं निकला कोई समाधान



यमुनानगर के जिला सचिवालय में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के साथ बैठक करते हुए भाकियू का प्रतिनिधिमंडल।

### रोड़छप्पर के खेतों से बिजली की लाइन निकाली जा रही

वीरवार सुबह भारतीय किसान यूनियन(चढ़ूनी) का प्रतिनिधिमंडल यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में जिला सचिवालय में पहुंचा। इस दौरान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के साथ बैठक कर उनके खेतों में लगाए जा रहे टावरों का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। बैठक में एसडीएम सोनू राम भी मौजूद रहे। बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि जिले के गांव रोड़छप्पर के खेतों से होकर बिजली की लाइन निकाली जा रही है। लाइन के लिए खेतों में बिजली के बड़े बड़े टावर लगाए जा रहे हैं। मगर जिन खेतों में टावर लगाए जाने हैं, उनका अभी तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। किसान बार-बार उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। मगर बिजली निगम प्रशासन किसानों को उचित मुआवजा नहीं दे रहा है।

### किसानों ने टावर नहीं लगने दिए

उन्होंने बताया कि गत 25 जून को बिजली निगम के कर्मचारी पुलिस बल के साथ गांव रोड़छप्पर के खेतों में पहुंच गए और टावर लगाने लगे। मगर किसानों ने टावर नहीं लगने दिए। क्योंकि जब तक किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तब तक टावर लगाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार से बिजली के टावर लगाए जाने से पहले किसानों को उचित मुआवजा देकर उन्हें संतुष्ट किया जाना जरुरी है। बैठक में काफी देर तक उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के साथ यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक चलती रही। मगर कोई समाधान नहीं निकला। इस दौरान उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उन्होंने मामले को समाधान के लिए अंबाला मंडल के आयुक्त के पास भेज दिया गया है। जहां पर मामले की सुनवाई की जानी है।

# कनाडा भेजने का झांसा देकर 25 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव परढाना निवासी पिता दिलावर सिंह पानू व पुत्र मनजीत पानू के साथ 25 लाख रुपये की ठगी हो गई। पिता दिलावर के साथ काम करने वाले कर्मचारी ने उसके बेटे को कनाडा भेजकर नौकरी लगवाने के नाम पर ये ठगी की है। रुपए लेने के बाद भी वीजा न लगने की बात पूछने पर आरोपी ने उन्हें धमकी दी। इधर, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में मनजीत पानू ने बताया कि उसके पिता दिलावर सिंह पानू का पंजाब के जिरकपुर में सिक्योरिटी प्लेसमेंट कार्यालय है।

वहीं पर एजेंट दिनेश शर्मा निवासी जिरकपुर मोहाली पंजाब भी है, जोकि विदेश भेजने का काम करता है। उसने पिता दिलावर को बताया कि कनाडा में नौकरी के लिए आदमियों की आवश्यकता है। अगर आपके परिवार में कोई है, जिसे नौकरी की आवश्यकता है और बाहर जाने का इच्छुक है, तो अभी मौका है। साथ ही कहा था कि वह पूरी व्यवस्था करवा देगा। इसके लिए करीब 25 लाख रुपये का खर्च आएगा। उसने 3 लाख रुपए प्रतिमाह वेतन भी बताया था।

वहीं, दिलावर ने विश्वास में आकर बेटे के सभी दस्तावेज और मौके पर साढ़े 10 लाख रुपए 20 दिसंबर 2023 को दिनेश शर्मा और उसके साथ मुकुल कुमार को दे दिए थे। इसके अलावा खाते में 14 लाख 30 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए थे। 27 दिसंबर को दिनेश ने मंजीत का मेडिकल टेस्ट करवाया। जिसकी करीब 19 हजार की फीस भी उसी से भरवाई थी। रुपए लेने के बाद दिनेश और मुकुल उसे बार-बार अपने पास बुलाते रहे। हर बार जल्द ही वीजा लगने की बात कहते थे। इसके बाद भी उसका वीजा नहीं लगा। पूछने पर वे टाल-मटोल करते थे।

बार-बार वीजा नहीं लगने की बात उन्हें कही तो उन्होंने धमकी दी कि उनका ये ही काम है। उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। वहीं, पुलिस ने शिकायत के आधर पर ठगी के इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

- पंजाब निवासी आरोपी पर इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

# सीएम फ्लाइंग ने मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में की छापामारी, मचा हड़कंप

## टीम ने एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर व एंबुलेंस कंट्रोल रूप का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार को शहर के मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में छापेमारी की। इस दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम ने एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर व एंबुलेंस कंट्रोल रूप का निरीक्षण किया। टीम को एंबुलेंस के सीसीटीवी कैमरे व जीपीएस बंद मिला। सीएम फ्लाइंग की छापामारी से नागरिक अस्पताल के अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा है।

वीरवार सुबह सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर सुखविंद्र सिंह ने एएसआइ बलवंत सिंह, एचसी विजेंद्र व ड्यूटी मजिस्ट्रेट खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक राकेश कुमार व क्लर्क राहुल के साथ मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में छापेमारी की। सबसे पहले टीम ने दवाई लेने के लिए आए मरीजों से बात की। मरीजों से पूछा गया कि उन्हें सभी दवाई मिल है या नहीं। मरीजों को दवाई मिल रही थी। जिसके बाद टीम एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर पहुंची। यहां पर दाखिल नशे के रोगियों से बात की। उनसे इलाज के बारे में बात की। यह सेंटर कुछ समय पहले ही यहां पर शुरू हुआ है।

सीएम फ्लाइंग टीम ने एंबुलेंस कंट्रोल रूम की जांच की। यहां पर डायल 112 के माध्यम से आने वाली कॉल की जांच की और उन मरीजों से भी बात की। जिन्हें डायल 112 पर कॉल के बाद एंबुलेंस से अस्पताल में दाखिल कराया गया। यहां पर काम संतोषजनक मिला। इसके बाद टीम ने एंबुलेंस की जांच की। जिसमें कुछ खामियां मिली। एंबुलेंस के सीसीटीवी कैमरा व जीपीएस बंद मिले। जिस बारे में फ्लीट मैनेजर सचिन ने बताया कि इस संबंध में शिकायत मुख्यालय भेजी गई है। वहीं एंबुलेंस में मरीजों के स्ट्रेचर की जांच की गई। जिसमें भी खामियां मिली है।

- एंबुलेंस के सीसीटीवी कैमरा व जीपीएस मिले बंद



यमुनानगर के मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में छापामारी के दौरान दस्तावेजों की जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

### रुपये मांगने की कोई शिकायत नहीं मिली

सीएम फ्लाइंग की टीम ने एंबुलेंस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कंट्रोल रूप से नंबर लेकर उन लोगों से बात की गई जिन्होंने एंबुलेंस का लाभ लिया हुआ है। लोगों से पूछा गया कि एंबुलेंस के लिए किसी ने रुपयों की मांग की है या नहीं। पूछताछ में रुपये मांगने की कोई शिकायत नहीं मिली।

### ये कहते हैं अधिकारी

सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर सुखविंद्र सिंह ने बताया कि टीम ने सिविल सर्जन कार्यालय में आने वाली सीएम विंडो की शिकायतों की भी जांच की गई। यहां पर कोई शिकायत लंबित नहीं मिली। उन्होंने बताया कि इस पूरे निरीक्षण की रिपोर्ट बनाई गई है। जिसे मुख्यालय भेजा जाएगा।

# इतिहास व राजनीतिक विज्ञान में दाखिले के लिए 520 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के एमए इतिहास व एमए राजनीतिक विज्ञान में दाखिले के लिए गुरुवार को 520 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आट्‌र्स फैकल्टी में एमए इतिहास के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 231 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के ब्लॉक एक व दो में एमए राजनीतिक विज्ञान विषय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 289 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इन केन्द्रों में आयोजित प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि 28 जून को एलएलएम व एलएलएम (एसएफएस) में दाखिले के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे, एमए मनोविज्ञान की 50 सीटों के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए लोक प्रशासन की 60 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 29 जून को मास्टर ऑफ सोशल वर्क की 50 सीटों के लिए प्रातः 10 बजे, एमए अंग्रेजी की 120 सीटों के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए अर्थशास्त्र की 80 सीटों के लिए दोपहर 3 बजे प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी।

# वध के लिए ले जा रहे पशुओं को पुलिस ने जब्त किया

**मुलाना।** वध के लिए यूपी ले जा रहे 7 कटडे व 2 कटडियों से भरे टाटा एस को काबू किया। उससे पशुओं को मुक्त कराया गया। वाहन चालक व सहचालक को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने सूचना के आधार पर झाडूमाजरा मार्ग पर मारकंडा नदी के पुल पर नाकाबंदी कर पशुओं से भरे टाटा एस को रोका। उसमें 7 कटडे और 2 कटडियां ठूंस ठूंस कर भरे हुए थे। जिन्हें वाहन चालक जयप्रकाश वासी गांव रूकडी व सहचालक महबूब वासी सहारनपुर वध करने के लिए लेकर जा रहे थे। पुलिस ने टाटा एस से पशुओं को मुक्त कराया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पशु क्रूरता का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

# प्रतिबंधित दवा ट्रामाडोल के 648 कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उससे प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के 648 कैप्सूल बरामद किए। आरोपी पिछले डेढ़ साल से प्रतिबंधित दवाइयां सप्लाई करने का काम कर रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया।

सेल के इंजार्च जसविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी यमुनानगर की ओर से एक युवक बाइक पर सवार होकर प्रतिबंधित दवाइयां लेकर जगाधरी की तरफ जाएगा। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एएसआई ऋषिपाल, जसवीर सिंह, हैप्पी, बीरबल व कुलदीप की टीम का गठन किया गया। टीम ने वन विभाग कार्यालय के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। आरोपी युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी को पीछा कर उसे पकड़ लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एक्साइज इंस्पेक्टर अनिल को बुलाया गया। जिसके सामने टीम ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 648 ट्रामाडोल के कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान अंबाला के सुलखनी निवासी दिनेश उर्फ पोनी के नाम से हुई।

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

# प्रेमिका व उसके पति पर जानलेवा हमला किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव रसालापुर में घर में सो रहे पति गुलफाम व इसकी पत्नी शबनम पर फिरोज ने चाकू से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घालय कर दिया। वहीं फिरोज, शबनम के साथ लिवइन पार्टनर था और दोनों पांच सालों से साथ रह रहे थे। अब उसने उसे छोड़ दिया और अपने पति के साथ रहने लगी थी।

इसी बात से आहत फिरोज उनके घर में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। वहीं बापौली थाना पुलिस से शबनम ने फिरोज की शिकायत की है।

इधर, दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जबकि आरोपी फिरोज फरार है, पुलिस ने फिरोज पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# प्रो. एमएम गोयल ने ब्राजील में भारत का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रोफेसर एमएम गोयल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं नीडोनोमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक हाल ही में वैकारिया ब्राजील में अपना मुख्य भाषण देने के बाद भारत लौटे हैं ने कहा कि नीडोनोमिक्स की नीडो-शिक्षा ब्राजील और भारत सहित दुनिया भर में युवाओं के दिमागों में नीडो-प्रज्वलन के साथ सभी शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में नीडो-खुशी पैदा करती है। नीडोनोमिस्ट प्रो एमएम गोयल ने कहा कि अर्थव्यवस्था के हितधारकों को ग्रीडोनोमिक्स के कारण उत्पन्न समसामयिक समस्याओं के समाधान हेतु नीडोनोमिक्स को अपनाना चाहिए।



प्रोफेसर एमएम गोयल

- अर्थव्यवस्था के हितधारकों को समस्याओं के समाधान हेतु नीडोनोमिक्स अपनाना चाहिए

प्रो. गोयल ने बताया कि हितधारकों को नीडोनॉमिक्स के सिद्धांत को नीडो-कंजम्पशन, नीडो-सेविंग, नीडो-प्रोडक्शन, नीडो-इन्वेस्टमेंट, नीडो-डिस्ट्रीब्यूशन, परोपकारिता, नीडो-ट्रेड सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर आउट-ऑफ-द-बॉक्स समाधान सोचना चाहिए ताकि लोगों की नीडो-वेल्थ, नीडो-हेल्थ और नीडो-हैप्पीनेस सुनिश्चित की जा सके।

## समीक्षा बैठक

### गुरुग्राम और पिपली में पीपीपी मोड पर बनेंगे विशेष प्रकार के बस स्टैंड

# प्रदेश के सभी बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन की तर्ज पर बनाया जाएगा हरा-भरा: गोयल

### राज्य में आवश्यकता अनुसार बस क्यू - शेल्टर भी बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश के सभी बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन की तर्ज पर ग्रीनरी लगाकर और सफाई करके खूबसूरत बनाया जाएगा। गुरुग्राम और पिपली ( कुरुक्षेत्र ) में पीपीपी मोड पर विशेष प्रकार के बस स्टैंड बनाए जाएंगे। राज्य में आवश्यकता अनुसार बस क्यू -शेल्टर भी बनाए जाएंगे। गोयल ने परिवहन विभाग की समीक्षा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य परिवहन विभाग के सभी डिपो और सब -डिपो में बस स्टैंड परिसर का रख -रखाव बेहतर होना चाहिए। साफ़ -सफाई के साथ -साथ खाली जगह को पार्क की तरह विकसित करें और वहां पर घास , पेड़ -पौधे लगाकर ग्रीनरी बनायें ताकि बस स्टैंड का नजारा खूबसूरत लगे। उन्होंने सभी बस स्टैंड पर सुलभ -शौचालयों की सफाई -व्यवस्था दुरुस्त करने तथा जहां जरुरत हो वहां पर मुरम्मत या नवनिर्माण भी करवाया जाए। मंत्री ने कहा कि जनसंवाद पोर्टल पर बस क्यू -शेल्टर के निर्माण की मांग को लेकर जितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ,उनको प्राथमिकता के आधार पर निर्मित करवाया जाए। जनसंवाद पोर्टल पर 127 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनको बनवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



- अधिकारियों को निर्देश देते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल। फोटो: हरिभूमि

### पार्किंग के लिए 145.23 लाख खर्च होने की स्वीकृति

उन्होंने बताया कि अंबाला शहर में बस स्टैंड के सामने एक अंडरग्राउण्ड पार्किंग बनाई जाएगी जिसका फायदा बस स्टैंड , महावीर पार्क तथा कपड़ा मार्केट में आने वाले लोगों को अपने वाहन खड़ा करने के लिए होगा। इस पार्किंग के लिए 145.23 लाख रुपये खर्च होने की स्वीकृति भी हो गई है। मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गुरूग्राम तथा धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र के पास पीपली में विशेष प्रकार के बस स्टैंड बनाए जाएंगे। इनमें कमर्शियल दुकानें चलाने के लिए मॉल टाइप डिजाइन तैयार किया जा रहा है।

# ट्राला चालक ने पिकअप में मारी टक्कर, ड्राइवर व कंडक्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

वीरवार तडक़े 3 बजे के करीब तरावड़ी जीटी रोड पर शामगढ़ के नजदीक एक खड़ी पिकअप वैन में एक ट्राले के टक्कर मारने से पिकअप वैन के ड्राइवर व कंडक्टर की मौके पर मौत हो गई। लीची से भरे पिकअप वैन का टायर पंचर हो गया। पिकअप वैन के चालक व कंडक्टर दोनों ने रोड पर जैक लगाकर टायर बदल रहे थे। पीछे से एक सरीये से लदा हुआ ट्रक ने सडक़ के किनारे खड़ी पिकअप वैन में टक्कर मार दी मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। पिकअप वैन का नंबर राजस्थान का बताया जा रहा है और हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और पुलिस के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पहचान के लिए शवगृह करनाल भेज दिया और पुलिस करवाई ट्रक ड्राइवर के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

- पिकअप वैन के चालक व कंडक्टर रोड पर जैक लगाकर टायर बदल रहे थे



### हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजा की मौत

**इसराना (पानीपत)।** पानीपत-रोहतक हाईवे पर बलाना अनाज मंडी के पास बांध मार्ग पर आ रहे ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गांव सींक निवासी सोनू पुत्र रघुबीर व इसका चाचा विकास पुत्र कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना इसराना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। जांच में पता चला कि ट्रैक्टर-ट्राली गलत साइड से आ रही थी, इसकी कारण हादसा हुआ। दूसरी ओर, जांच के के बाद पुलिस ने सोनू व विकास के शवों का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

## खबर संक्षेप

### रास्ते में रोककर युवक पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की दशमेश कॉलोनी के पास न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी हितेश कुमार को रोककर तीन-चार युवकों ने लोहे के पाइप से हमला कर घायल कर दिया। न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी हितेश कुमार उर्फ बंटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे वह सिविल अस्पताल से घर लौट रहा था। जब वह दशमेश कॉलोनी के पास मोड पर पहुंचा तो पीछे से बाइक पर तीर्थ नगर निवासी सुमित तोमर अपने दो-तीन साथियों के साथ आया। आरोपी ने पहले उसका नाम पूछा। नाम बताते ही आरोपी सुमित तोमर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसपर लोहे के पाइप से हमला कर दिया।

### ईंट भट्ठे पर काम करने वाले ने की खुदकुशी

**यमुनानगर।** गांव खजूरी स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाले व्यक्ति ने देर शाम जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। बिजार के पटना निवासी 30 वर्षीय सूरज खजूरी में स्थित ईंट भट्ठे पर पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। वह ईंट बनाने का काम करता था। बुधवार शाम को सूरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब परिजनों ने उसके मुंह से झाग निकलते देखे तो उसे रादौर के सिविल अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रैफर कर लिया। जब परिजन उसे ट्रामा सेंटर लेकर आए तो डॉक्टरों ने उसकी गभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रैफर कर दिया। पीजीआई जाते हुए रास्ते में सूरज की मौत हो गई।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव से साढ़े 14 वर्षीय लड़की लापता हो गई। उसकी मां ने लेदी निवासी युवक पर उसे शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप लगाया है। सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाईबोर्ड फैक्ट्री में काम करती है। उसका पति ऑटो चालक है। उसकी साढ़े 14 साल की बेटी निजी स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ती है। रोज की तरह मंगलवार रात को वह और परिवार सदस्य खाना खाकर सो गए थे। सुबह पांच बजे जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसकी नाबालिग बेटी अपने बिस्तर से गायब थी। उसने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।

### भाजपा के सिटी विधायक ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों को निर्धारित समय के भीतर करवाएं पूराः घनश्याम

**सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने धीमी गति से चल रहे विकास कार्यों के निर्माण कार्य पर जताई नाराजगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश भर में विकास कार्यों में कोई भेदभाव नहीं बरता जा रहा है। यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में भी करोड़ों रुपये के विकास कार्यो करवाए जा चुके हैं और लाखों रुपये के विकास कार्यों का निर्माण कार्य चल रहा है। उक्त जानकारी सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान दी। उन्होंने मौके पर धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर विकास कोर्यों का निर्माण कार्य पूरा किए जाने के निर्देश दिए। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सबसे पहले यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तेजली गांव में बन रहे कम्युनिटी सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान



**यमुनानगर।** विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कम्युनिटी सेंटर का निरीक्षण करते हुए वहां पर सुस्त गति से चल रहे विकास कार्योंर् पर नाराजगी जताई।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्योंर् की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी होने के बारे में भी निर्देश दिए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि कम्युनिटी सेंटर के जल्द पूरा होने पर इसे जनता को संपर्पित कर दिया जाएगा। ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। इसके बाद विधायक ने अन्य कई स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

#### बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे

वहीं, विधायक ने तेजली शक्ति केंद्र प्रमुख व त्रिदेव कार्यकर्ताओं की बैठक में कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता आगमी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। वह आम जनता के बीच जाकर उनके कार्य करवाएं और उनकी समस्याओं का समाधान करवाएं। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आचार संहिता हटने के बाद से प्रदेश में विकास कार्यों को तेजी से किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश भर में बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहे और लोगों की हर समस्या का निदान हो सके।

# आमजन की शिकायतों के निपटान में देरी हुई तो होगी कार्रवाईः सोनू

- समस्या समाधान शिविर में 99 शिकायतों का हुआ समाधान
- एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्ग दर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने की। वीरवार को आयोजित समस्या समाधान शिविर में 99 शिकायतकर्ता अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिनका संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। एसडीएम जगाधरी सोनू



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम सोनू राम व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

राम ने बताया कि शिविर में चांदपुर निवासी राम कुमार , शिवनगर निवासी राजकुमार व सुनील कुमार के परिवार पहचान पत्र मौके पर ही ठीक किए गए। इसी प्रकार मंडौली निवासी शिवानी का आधार कार्ड अपडेट किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने समाधान शिविर में आई पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को संबंधित थाना प्रभारियों को सौंपकर उनका जल्द समाधान किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नीलम मेहरा, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, एसई नगर निगम हेमंत कुमार समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# इग्नू का उद्देश्य कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देनाः डॉ. धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देना है। इग्नू ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसिद्ध एवं प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है। उक्त जानकारी इग्नू के क्षेत्री निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं। पहला जनवरी सेशन के लिए और दूसरा जुलाई सेशन के लिए एडमिशन प्रक्रिया होती है। जुलाई सेशन की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। उन्होंने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते हैं उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी कारण से रेगुलर कॉलेज और विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं।

# परिषद के संस्थापक की मनाई जयंती

- भारत विकास परिषद के सदस्यों ने सामुदायकि स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

भारत विकास परिषद शाखा रादौर के तत्वावधान में वीरवार को कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिषद के संस्थापक डॉक्टर सूरज प्रकाश की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में परिषद के शाखा संरक्षक मान सिंह आर्य, एसएमओ डॉक्टर विजय परमार व डॉक्टर पल्लवी मार्य, अनिता पुजारा, सोनम आहूजा व डॉ. सतीश कांबोज ने परिषद के संस्थापक डॉक्टर सूरज प्रकाश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्वांजलि भेंट की। इस



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम में परिषद के संस्थापक डॉक्टर सूरज प्रकाश के चित्र पर पुष्प अर्पित करते। *फोटो : हरिभूमि*

दौरान मरीजो को फल वितरित किए गए। शाखा सरंक्षक मानसिंह आर्य ने बताया कि डॉक्टर सूरज प्रकाश का जन्म 27 जून 1920 को पंजाब के गुरदासपुर जिले के गांव छमल में हुआ था। डॉक्टर साहब के नेतृत्व में 10 जुलाई 1963 को भारत में भारत विकास परिषद की स्थापना की गई। इस अवसर पर शाखा सचिव विनोद गर्ग, शाखा कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, राजकुमार पुजारा, अशोक आहूजा, सुमित गोयल, संजय गुप्ता, संजय कांबोज, इंद्रजीत सिंह, अनिल गुप्ता, विपिन गुप्ता, महेश अरोड़ा, विनोद सिंगला, मनोज वर्मा व प्रमोद गर्ग आदि मौजूद रहे।

# सिटी को स्वच्छ रखने के लिए सभी करें सहयोगः दत्त

- नगर निगम यमुनानगर द्वारा चलाए जा रहे सौ दिवसीय सफाई एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत निगम की टीम ने वार्ड 17 स्थित सभी कॉलोनियों में की साफ सफाई
- सफाई अभियान के साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा चलाए जा रहे सौ दिवसीय सफाई एवं स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत वीरवार को निगम के वार्ड नंबर 17 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त



**यमुनानगर।** सफाई करके कूड़ा कर्कट साफ करते हुए व लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए निगम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

आयुष सिन्हा के निर्देशों पर चलाए गए अभियान के तहत सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में वार्ड के कैंप, शिव नगर, आदर्श नगर व वीना नगर समेत सभी कॉलोनियों में साफ सफाई कर कूड़ा कर्कट उठाया गया और मौके पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। निगम के सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में निगम की टीम वार्ड नंबर 17 की कॉलोनियों में पहुंची और साफ सफाई की।

#### अव्वल स्थान पर लाने के लिए सफाई अभियान

मौके पर सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शहर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर निगम द्वारा सौ दिवसीय सफाई एवं स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। हर वार्ड में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। निगम अधिकारियों के साथ स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट अर्थात गतिविधि विशेषज्ञ पूजा व अन्य सफाई अधिकारी भी लोगों को गीले व सूखे कचरे को अलग अलग कर निगम के वाहनों में डालने को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत लोगों को समझाया जा रहा है कि वह गीले व सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखें।

# महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यातिथि मनाई

- जाट छात्र संघ व जाटसभा रादौर ने कस्बा में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जाट छात्रसंघ व जाटसभा रादौर के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को कस्बा में महाराजा रणजीत सिंह की 186 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। छात्रसंघ के प्रधान साहिल सिंह बालियान व जाटसभा रादौर के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल के नेतृत्व में युवाओं ने महाराजा रणजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जाट छात्र संघ के प्रधान साहिल सिंह बालियान ने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह एक महान यौद्धा थे। जिनका साम्राज्य अफगानिस्तान में कंधार तक फैला हुआ था। उनके जीते जी अंग्रेज उनके साम्राज्य पर कब्जा नहीं कर पाए। उनकी वीरता का लोहा दूर दूर तक माना जाता था। उन्होंने बताया कि महाराजा रणजीतसिंह सिख साम्राज्य के राजा थे। वे शेर ए पंजाब के नाम से प्रसिद्ध हैं।

महाराजा रणजीत एक ऐसी व्यक्ति थे। जिन्होंने न केवल पंजाब को एक सशक्त सूबे के रूप में एकजुट रखा, बल्कि अपने जीते जी अंग्रेजों को अपने साम्राज्य के पास भी नहीं फटकने दिया।

# गुरदीप बने अभाक्ष महासभा के जिलाध्यक्ष

- एडवोकेट नरेंद्र राणा गोलनी को बनाया प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्यों की बैठक का आयोजन पंचायत भवन यमुनानगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र राणा गोलनी ने की। इस दौरान बैठक में मुख्यातिथि के रुप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने भाग लिया। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि बैठक में गुरदीप सिंह राणा तिगरा को महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया



**यमुनानगर।** पंचायत भवन में आयोजित बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर बधाई देते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर।

गया है। वहीं, महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राणा गोलनी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। गुरदीप सिंह राणा व नरेंद्र राणा गोलनी के कार्यों को देखते हुए उन्हें इन पदों पर जिम्मेदारी दी गई है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि क्षत्रिय महासभा गैर राजनैतिक संगठन है। इसका मुख्य उदेश्य समाज में फैली बुराइयों को दूर करना, क्षत्रिय समाज को संगठित करना, समाज के बच्चों को शिक्षित करना और समाज कल्याण के कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेना है।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह राणा तिगरा ने कहा कि महासभा ने उन्हें जो जिम्मेदारी है वह उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे। उन्होंने जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर व अन्य पदाधिकारियों का आभार प्रक्ट किया। वहीं, महासभा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा गोलनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर को विश्वास दिलाया कि वह अपनी पूरी निष्ठा से समाज के प्रति संर्पित होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर कंवरपाल राणा, ईलम सिंह, राणा जनक सिंह, अनिल राणा, अशोक राणा, सुरेंद्र राणा, घनश्याम राणा, सुंदर राणा, राज राणा, भीम राणा, रविंद्र राणा, कुंवर पाल राणा, अजय राणा व प्रदीप राणा आदि मौजूद रहे।

# दो घरों और दुकान से हजारों का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर दो घरों व दुकान को निशाना बनाकर नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मॉडल टाउन निवासी हरप्रीत सिंह ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गाबा अस्पताल के सामने गुरु नानक कम्यूनिकेशन के नाम से दुकान है। शाम करीब पौने पांच बजे जब वह दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसके एल्यूमीनियम डोर के दरवाजों का ताला टूटा हुआ था। दुकान के गल्ले से आठ हजार रुपये व अन्य सामान गायब था। उधर, शंकरपुरी कॉलोनी निवासी अंकुर ने बताया कि वह जगाधरी में चाट की रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजारा करता है। सुबह जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि रेहड़ी में लगा गैस सिलिंडर, इनवर्टर, बैटरा व अन्य सामान गायब था। वहीं, गोल्डनपुरी कॉलोनी निवासी कौशल्या देवी ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसका टुल्लूपंप चोरी था। जांच करने पर पता चला कि चोर दीवार फांदकर घर में घुसकर और चोरी को अंजाम देकर फरार हो गए।

### उपायुक्त ने सरकार द्वारा आपातकाल सत्याग्रहियों की पेंशन में वृद्धि किए जाने की दी जानकारी

# स्वतंत्रता सेनानियों व आपातकाल सत्याग्रहियों को प्रदेश सरकार ने दिया नायाब तोहफा:कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रदेश सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन 1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में वृद्धि करके उन्हें नायाब तोहफा दिया है। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय पर बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के



सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं। हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसम्बर 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत स्वतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई 2024 से उनकी मासिक पेंशन 10 हजार रुपये से बढ़कर बीस हजार रुपये हो जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त देने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

#### संस्कृत संस्थानों की वित्तीय सहायता बढ़ाने का निर्णय

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संस्कृत संस्थानों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। हरियाणा के गुरुकुल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर संस्कृत संस्थानों को हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी संस्थान में विद्यार्थियों की संख्या 50 से 80 तक है तो उस संस्थान को दो लाख रुपये, 80 से 100 विद्यार्थियों वाले संस्थान को तीन लाख रुपये, 100 से 200 विद्यार्थी होने पर पांच लाख रुपये तथा विद्यार्थियों की संख्या 200 से अधिक होने पर सात लाख रुपये की राशि प्रति वर्ष वित्तीय सहायता के तौर पर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही है। जिसे बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार निरंतर प्रयासरत है।

#### मातृभाषा सत्याग्रहियों की पेंशन को बढ़ाकर किया 20 हजार रुपये

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हिंदी आंदोलन 1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को भी बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली सम्मान पेंशन की राशि भी 25 हजार रुपये से बढ़ाकर अब 40 हजार रुपये कर दी गई है।

# किसानों के हित में है धान की सीधी बिजाई

- कृषि विज्ञान केंद्र दामला में एक दिवसीय कृषि अधिकारियों के लिए धान की सीधी बिजाई पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के तत्वावधान में वीरवार को केंद्र में धान की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय धान की सीधी बिजाई पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ केंद्र के समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने किया। कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने कृषि अधिकारियों को आहवान किया कि वह किसानों को बेहतरीन



**यमुनानगर।** कृषि विज्ञान केंद्र दामला में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए कृषि अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

कृषि तकनीकों को समय रहते प्रचारित प्रसारित करें। जिसमें धान की सीधी बिजाई पद्धति भी किसानों के हित में होने के साथ साथ जल संरक्षण में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई पद्धति किस प्रकार से उपयोगी है। उन्होंने बताया कि धान की नर्सरी तैयार करने का समय बच जाता है। नर्सरी में आने वाले खर्च भी बच जाते हैं। रोपाई की लागत भी नहीं लगती है। ट्रैक्टर व मशीनरी की टूट फूट व डीजल की भी बचत हो पाती है। वहीं, खास बात यह है कि बारिश में बरसात का पानी खेत में रिसाव कर भूजलस्तर को बरकरार रखती है और भू जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। मौके पर डॉ. एनके गोयल, डॉ. करण सिंह सैनी, डॉ. हरीश , डॉ. अमन आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## कारगिल योद्धाओं का होगा कुवि में सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 28 जून को सीनेट हॉल में विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत डी-5 मोटरसाइकिल दल के 32 सदस्यों तथा मेजर जनरल अरविन्द यादव को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अतिरिक्त सामाजिक संस्थाएं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, श्री ब्राह्मण तीर्थोद्धार सभा, श्री अग्रसेन पंचायत तथा यादव समाज सभा भी सम्मानित करेंगी। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के कारगिल योद्धाओं सूबेदार मेजर (आन कप्तान) सुरेन्द्र मोहन शर्मा, सूबेदार मेजर(आन कप्तान) गुरमेल सिंह, सूबेदार रविन्द्र कौशिक, सिपाही सतनाम सिंह, हवलदार मुकेश आदि को सम्मानित किया जाएगा।

## विशेष लोक अदालत 29 जून से

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित हैं, वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत से समाधान करवाना चाहते है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद कुरुक्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अशोक कुमार मुंजाल ने कहा कि जल शक्ति अभियान-2024 के निर्धारित लक्ष्यों को पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन 28 जून 2024 को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन के सभागार में किया जाएगा। संबंधित अधिकारी इस बैठक में निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

## बीएलओ मतदाता के डाटा को करेंगे सत्यापित

**कुरुक्षेत्र।** उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने बताया कि 4 जुलाई 2024 तक संबंधित बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों के तहत घर-घर जाकर हर मतदाता की वोट से संबंधित डिटेल बीएलओ ऐप के माध्यम से सत्यापित करते हुए उसे अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। एसडीएम सुरेंद्र पाल वीरवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में जिला चुनाव कार्यालय व संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ जिला चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक व अन्य संबंधित मौजूद थे।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार जगमोहन ने कहा कि संस्थान में एक जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 28 जून 2024 को किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में एलीना आटो इंडस्ट्रीज मोहाली, उम्दा यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद, हरियाणा मिल्क फूड लिमिटेड पिहोवा, मैसर्ज गुरु कृपा रैफ्रिजरेशन शाहबाद, मैसर्ज किसान कृषि यंत्र शाहबाद, जिंदल सा लिमिटेड गुजरात आदि कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों के सभी आईटीआई पास व इस वर्ष में आईटीआई की परीक्षाओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी इस रोजगार मेले में भाग ले सकते है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों आईटीआई पास व अन्य बेरोजगार युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस रोजगार मेले में भाग लेकर अपना भविष्य सुरक्षित करें तथा प्रदेश व देश के निर्माण में सहयोगी बने।

### भक्तों का इंतजार खत्म, 1 जुलाई को शुरू होगी बस सर्विस

# धर्मनगरी के लोगों को मिली खाटू श्याम के लिए बस सेवा की सौगात

बस सुबह 7:50 पर अंबाला कैंट से तथा 8:50 पर कुरुक्षेत्र नया बस स्टैंड से चलेगी



कुरुक्षेत्र। ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन क्रे सचिव रणजीत करोड़ा।



कुरुक्षेत्र। नया अड्डा परिसर। फोटो : हरिभूमि

तरुण वधवा. कुरुक्षेत्र।

बाबा खाटू श्याम के भक्तों के लिए खुशखबरी है कि अंबाला कैंट से कुरुक्षेत्र से वाया 152डी हाईवे होते हुए नारनौल से खाटू श्याम के लिए सीधी बस सेवा एक जुलाई को शुरू हो रही है। बस सुबह 7:50 पर अंबाला कैंट से चलेगी। 8:50 पर कुरुक्षेत्र नया बस स्टैंड से चलेगी जोकि पिहोवा 152डी हाईवे के कट से 9:20 पर चढ़ जाएगी। 152 डी हाईवे के रास्ते होती हुई नारनौल, नीम का थाना, पाटन पलसाना होते हुए खाटू श्याम शाम को 4 बजे पहुंचेगी। अगले दिन सुबह खाटू श्याम से 8 बजे चलेगी और नारनौल से 11:20 पर 152 डी हाईवे से होती हुई कुरुक्षेत्र आएगी और उसके बाद अंबाला कैंट जाएगी। इस बस के चलने से अंबाला कैंट, शाहबाद, पिहोवा, कैथल, पूंडरी, राजोद, असंध, सफीदों, पिल्लू खेड़ा, जींद, लखन माजरा, जुलाना, रोहतक, महम, कलानौर, चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ आदि शहरों एवं जिलों के यात्रियों को सस्ते किराए में बाबा खाटू श्याम के दर्शन हो सकेंगे। हरियाणा रोडवेज की बस में 152 डी हाईवे से होते हुए कुरुक्षेत्र से बाबा खाटू श्याम का किराया लगभग 450 रुपए है जो अन्य राजमार्गों की अपेक्षा बहुत सस्ता पड़ता है। बाबा खाटू श्याम के अकेले कुरुक्षेत्र शहर में कई हजारों भक्त हैं जिनकी बार-बार मांग आ रही थी कि धर्मनगरी से बाबा खाटू श्याम के लिए सीधी बस चलाई जाए, जो बाबा की दया से और विधायक एवं राज्य मंत्री सुभाष सुधा के प्रयास से महाप्रबंधक शेर सिंह ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और कुरुक्षेत्र शहर के लोगों को सीधी बस सेवा की सौगात दी। रोडवेज जीएम शेर सिंह ने कहा कि एक जुलाई से खाटू श्याम के लिए बस सेवा शुरू हो जाएगी। यह धर्मनगरी के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। राज्य मंत्री सुभाष सुधा के प्रयासों से यह सेवा शुरू की जा रही है।

#### बहुत ही सराहनीय कदम : रणजीत

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 कुरुक्षेत्र डिपो के प्रधान नरेंद्र पांचाल एवं सचिव रणजीत करोड़ा ने बताया कि भक्त जनों की डिमांड पर यूनियन भी बार-बार महाप्रबंधक में जैसे मांग कर रही थी और राज्य मंत्री सुभाष सुधा से भी यूनियन ने बातचीत की थी। इन सभी के सहयोग से कुरुक्षेत्र के शहर वासियों को बाबा के दर्शन करने की जो सौगात मिली है यह बहुत ही सराहनीय कदम है। यूनियन राज्य मंत्री सुभाष सुधा का और महाप्रबंधक का धन्यवाद करती है।

## संस्कृति बोधमाला पुस्तकें समाज में आवश्यक : गोविंद

संस्कृति बोध परियोजना अखिल भारतीय कार्यशाला का समापन



कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय कार्यशाला में संस्थान के पोर्टल विद्याभारतीबुक्स डॉट कॉम का लोकार्पण करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हमें समाज में अपनी संस्कृति को प्रभावी बनाना है। हमारे बच्चे एवं आगामी पीढ़ी इस विचार को स्वीकार करेगी तो निश्चित ही हमारे चिंतन को सफलता मिलेगी। भारतीय संस्कृति युक्त परीक्षा को हम अधिक से अधिक स्थान तक पहुंचाएंगे। ये विचार विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री गोविंद चंद्र मोहंत ने तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब हमें दायित्व मिलता है तो हम योजना बनाकर लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ते हैं। विद्या भारती का अभिन्न अंग संस्कृति बोध परियोजना है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर योजना के माध्यम से जो अभियान हमने शुरू किया गया था, उसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से यह परिवर्तन आया है जिसका आधार है भारतीयता और भारतीय ज्ञान परम्परा। इसी के अंतर्गत विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा कक्षा 3 से 12 तक पुस्तकों का निर्माण किया गया है। भारतीय ज्ञान परम्परा को समझने के लिए बोधमाला पुस्तकें समाज में अवश्य जानी चाहिएं। इस अवसर पर उनके साथ संस्थान के अध्यक्ष डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी, सचिव वासुदेव प्रजापति, निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह, सं.बो. परियोजना के विषय संयोजक दुर्ग सिंह राजपुरोहित रहे। कार्यशाला के समापन पर भारतीय संस्कृति को नवीन क्लेवर में प्रस्तुत कर रही भारतीय ज्ञानपरम्परा आधारित संस्कृति बोधमाला पुस्तकों का विमोचन किया गया।

# देसी गाय के दूध से होती हैं अनेक बीमारियां दूर : वीरेंद्र

- गुरुबक्श सिंह ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया
- 5 दिनों से चल रहा बाल संस्कार शाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



बाल संस्कार शाला के समापन के अवसर पर श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गौशाला की ओर से विद्या भारती के पूर्व छात्र एवं ग्रंथ अकादमी हरियाणा के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान को बाल संस्कार शाला के संयोजक कैलाश गोयल एवं महादेव गौशाला के उप प्रधान गुरुबक्श सिंह ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महादेव गौशाला के संरक्षक अशोक रोशा ने कहा कि पिछले 5 दिनों से बाल संस्कार शाला का आयोजन महादेव गौशाला में किया जा रहा है जिसमें विभिन्न बिषयो द्वारा बच्चों में संस्कार पोषण का कार्य करने का प्रयास किया। वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल व टीवी में व्यस्त रहते हैं। बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों की सजगता जरूरी है उन्हें चाहिए कि जहां भी इस प्रकार के संस्कारों और खेलों का आयोजन होता है वह अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से भेजें।

#### ये रहे मौजूद

,इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के उपाध्यक्ष ऋषि पाल मथाना, मोनिन्द्र कुमार मौदगिल एवं कैप्टन परमजीत सिंह उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में पंहुची 6 शिकायतः आदित्य

**पिहोवा।** तहसीलदार पिहोवा आदित्य रंगा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में समाधान प्रकोष्ठ शिविरों का आयोजन प्रतिदिन कार्य दिवस में किया जा रहा है। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक लगाए जाते हैं। इन शिविरों के माध्यम आमजन की समस्याओं की सुनवाई की जाती है तथा मौके पर उनका निपटान किया जाता है। तहसीलदार आदित्य रंगा वीरवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। वीरवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ शिविर में कष्ट निवारण हेतु 6 शिकायतों पर सुनवाई की गई। इनमें से पांच शिकायतें पीपीपी आईडी से संबंधित तथा एक शिकायत प्रोपर्टी आईडी से सम्बंधित थी। । इस मौके पर कष्ट निवारण समिति के सदस्य युधिष्ठिर बहल व तरूणदीप सिंह वड़ैच, अमरजीत सिंह सरपंच गुमथला गढु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सुभाष कलसाना ने पौधरोपण मुहिम की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शाहबाद



**शाहबाद।** पौधरोपण मुहिम की शुरुवात करते सुभाष कलसाना।

छात्र संगठन एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना शाहाबाद में निरंतर सक्रियता बनाए हुए है। उनका आमजन से मिलने और संवाद करने का कार्यक्रम प्रतिदिन जारी है। सुभाष कलसाना के द्वारा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति युवाओ को जागरूक करने के लिए अनेको कार्यक्रम आयोजित किए गए, फिर चाहे वो पैदल जागरुकता यात्रा हो या युवाओ से नशा न करने का संकल्प हो। वही वर्तमान समय मे पर्यावरण की स्थिति सबके सामने जाहिर है जहां तापमान का बढ़ना अपने पिछले रिकार्ड को तोड़ रहा है वही आमजन के स्वास्थ्य के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। इसीलिए पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन की खुशहाली के लिए समाजसेवी सुभाष कलसाना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर पौधरोपण मुहिम शुरू की है। इसी को लेकर गांव जंधेड़ी में पौधरोपण किया। इसके अंतर्गत शाहबाद में पौधारोपण करने के साथ-साथ आमजन को धरती को हरी भरी करने के लिए पौधे वितरित करके पर्यावरण की खुशहाली में योगदान देने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत ढांगी, निर्मल विर्क, दीपक आनंद, अमित जैन, साहिल, गौरव सैनी, नवीन, गुलशन निम्मा, विनोद कुमार,संजीव वर्मा मौजूद रहे।

# कुवि में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 9 कर्मचारी सम्मानित

- गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गुरुवार को सेवानिवृत्त होने वाले 9 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को उनकी विश्वविद्यालय में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सब हितधारकों की कड़ी मेहनत के कारण ही हम विश्वविद्यालय में एनईपी को सबसे पहले लागू कर पाए और नैक का सर्वश्रेष्ठ ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त कर पाए हैं। सेवानिवृत्त होने वालों में निर्माण शाखा से एसडीओ सज्जन पाल सिंह, स्वामी विवेकानंद भवन से हॉस्टल सुपरवाईजर चन्द्रशेखर प्रसाद, देवी लाल हास्टल से गेस्ट हाउस सुपरवाईजर कुलदीप सिंह, ललित कला विभाग से लैब अटैंडेंट तेज बहादुर पाल, निर्माण शाखा से प्लम्बर ओम प्रकाश, स्पोर्टस डिपार्टमेंट से ग्राउंडमैन नरेश कुमार, हॉर्टिकल्चर से माली प्रीति लाल, सुभद्रा भवन से पियन समुन्दर सिंह तथा सेनिटेशन विभाग से स्वीपर विद्या देवी शामिल है। इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुटा प्रधान प्रो. दलीप कुमार, प्रो. रामविरंजन, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, पुरुष छात्रावास के चीफ वार्डन डॉ. जसबीर ढांडा, महिला छात्रावास की चीफ वार्डन प्रो. कुसुम लता, डॉ. संतलाल निर्वाण, उप-कुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डॉ. अश्वनी को पीएचडी की उपाधि से किया सम्मानित

- ''हरियाणा के व्यक्तिपरक कल्याण के मुद्दों, निवारण और माप का एक अध्ययन'' विषय पर उनके शोध के लिए पीएचडी की उपाधि से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने अर्थशास्त्र विभाग के शोध विद्यार्थी डॉ. अश्वनी को ''हरियाणा के व्यक्तिपरक कल्याण के मुद्दों, निवारण और माप का एक अध्ययन'' विषय पर उनके शोध के लिए पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। यह शोध प्रोफेसर संजीव बंसल की देखरेख में पूरा हुआ है। इस शोध कार्य में पूरे हरियाणा राज्य से उत्तरदाताओं को लिया गया है। उत्तरदाताओं में, पुरुषों और महिलाओं, युवा और वृद्ध, शहरी और ग्रामीण लोगों, निम्न और उच्च योग्य, जाति और व्यवसाय आदि को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है। अध्ययन में पाया गया कि 50% उत्तरदाता अधिक खुश थे जबकि 49% लोगों ने बताया कि वे इतने खुश नहीं हैं। जहां तक मनोवैज्ञानिक कल्याण का सवाल है, केवल 36% लोग अधिक खुश पाए गए, जबकि 57% लोग इतने खुश नहीं थे। स्वास्थ्य, शैक्षिक, संस्कृति और शासन कल्याण में खुश लोगों की संख्या भारी गिरावट के साथ क्रमशः 1%, 4%, 3% और 1% रह गई। खुशी की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का पता लगाने के लिए शोधकर्ता द्वारा विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया।

# एमएसएमई से संबंधित नई जानकारियों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- अतिथि स्पीकर को स्मृति-चिन्ह भेंट देकर सम्मानित



दी इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड़ एकाउटेंटस आफ इंडिया की कुरूक्षेत्र शाखा की ओर से इंटरनेशनल एम.एस.एम.ई. दिवस पर प्रोफेशनल स्कील एनरिचमेंट कमेटी के तत्वावधान में सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि स्पीकर सीए मनोज लांबा ने प्रतिभागियों को विस्तार से एमएसएमई से संबंधित नई जानकारियों से अवगत करवाया। आईसीएआई की कुरूक्षेत्र शाखा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सीए परविंदर सिंह ने प्रोफेशनल स्कील एनरिचमेंट कमेटी को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया व अतिथि स्पीकर को स्मृति-चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। कुरूक्षेत्र प्रबंधक कमेटी के पूर्व चेयरमैन सीए गौरव कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन सीए राघव गर्ग, वाइस-चेयरमैन सीए अंकित शर्मा, सेक्रेटरी सीए मोनिका गुप्ता, कोषाधिकारी सीए अंकुश गर्ग एवं कुरूक्षेत्र जिले के गणमान्य वरिष्ठ सीए व सीए कोर्स के विद्यार्थी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



## नशा मुक्त अभियान में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. अशोक कुमार वर्मा को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** नशा मुक्त भारत पखवाड़े के अंतर्गत हरियाणा पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा मनाया गया। यह राज्य स्तरीय समारोह राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर 14 पंचकूला में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर मुख्यातिथि थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें पंचकूला पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत, पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार, राज्य भर से आए नोडल अधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह में हरियाणा में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अति सराहनीय सेवाओं के लिए 23 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशा मुक्ति अभियान के अति सराहनीय उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। उच्चाधिकारियों ने उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुरे हरियाणा में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में इनका बहुत ही सराहनीय योगदान है।

### नई शिक्षा नीति तथा कक्षा कक्ष प्रबंधन के बारे में बताया

# नवयुग स्कूल में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सेशन आयोजित

- अब तक 1000 से ज्यादा बच्चों को तथा 180 से ज्यादा टीचर्स को किया ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ट्रेनिंग सैशन में मौजूद अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में सभी टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया जिसका विषय नई शिक्षा नीति तथा कक्षा कक्ष प्रबंधन रहा। इस अवसर पर एमबीडी ग्रुप की तरफ से शरमीन अख्तर उपस्थित थीं जो कि मोटिवेशनल वक्ता, एकेडमिक कंसल्टेंट तथा ट्रेनर हैं। वह अब तक 1000 से ज्यादा बच्चों को,1200 अभिभावकों को,180 से ज्यादा टीचर्स को ट्रेंड कर चुकीं हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति के बारे में समझाते हुए बताया कि जिसके तहत भारत समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा को 2030 तक पूर्ण रूप से लागू करना चाह रहा है। भारत के एसडीजी4 ग्लोबल एजेंडा में विश्व स्तरीय ओर उच्च गुणवत्ता शिक्षा सभी को देने का लक्ष्य है। एसके साथ-साथ सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना है। आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर जोर, स्कूलों में शैक्षणिक धाराओं, पाठ्येतर और व्यावसायिक धाराओं के बीच कोई कठोर विभाजन नहीं; इंटर्नशिप के साथ कक्षा 6 से व्यावसायिक शिक्षा शुरू की जाएगी। कम से कम कक्षा 5 तक मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में अध्यापन किया जाना चाहिए। उन्होंने बहुत ही अनोखे अंदाज में कक्षा कक्ष प्रबंधन के तरीके बताए । साथ ही यह भी बताया कि कक्षा कक्ष प्रबंधन कौशल शिक्षक के ऐसे व्यवहार हैं जिनके द्वारा शिक्षक प्रभावशाली शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए उचित कक्षा वातावरण उत्पन्न करने तथा छात्रों के व्यवहारों को नियंत्रित करता हुआ उनका ध्यान विषय वस्तु की ओर नियंत्रित करता हुआ उनका ध्यान विषय की ओर आकर्षित करता है तथा कक्षा के अंत तक उसे बनाएँ रखता है एक अच्छे अध्यापक की कक्षा प्रबंध कौशल में दक्षता प्राप्त करना अति आवश्यक होता है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा, प्रबंधक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा,उप प्रधानाचार्या रिधिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका ऋतु चौधरी, मंजीत, नीतू, सीमा, परमज्योति, सोनिया, गरिमा, पायल, हरिंदर, मधु, रीना, स्नेह, कोमल, मोनिका, आशा, अंजलि, पूनम, रिहाना, ममता, अध्यापक सुनील, जसमेर, ईशांत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो आरोपी किए शामिल जांच

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 में दर्ज महिला से दुर्व्यवहार कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन व गगन को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 9 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सचिन व गगन ने उससे दुर्व्यवहार कर मारपीट करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय को गिरफ्तार किया है। रोहतक के हेमंत ने 26 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 जून 2024 को आरोपी अजय व अन्य ने नर्मिल विहार ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### थंबड से 26 वर्षीय युवक लापता

**बराड़ा।** गांव थंबड से एक 26 साल के युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवक के पिता सुदेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 26 वर्षीय बेटा अभिषेक कुमार में प्राइवेट नौकरी करता है। 25 जून को वह 8 बजे अपने घर से ड्यूटी के लिए निकला था। इके बाद वापिस नहीं आया। इसके बाद से अभिषेक का मोबाइल बंद आ रहा है।

### धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बराड़ा।** संत द्वारा हरि मंदिर में वार्षिक श्री श्याम मूर्ति स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान दीपू मक्कड़, संजीव ठाकुर नरेश पाहवा,पार्थ मक्कड़, अमित, भारत भूषण, बाबू मक्कड़ व श्यामा ने बताया कि पंडित श्रीकृष्ण उपाध्याय ने विधि विधान से पूजन किया। इसके उपरांत भजन मंडली द्वारा श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### पिता को घायल बता लगाया बीस हजार का चूना

**जींद।** पिता के सड़क हादसे मे बता इलाज के नाम पर बीस हजार रूपये की धोखाधडी का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पशुपालक क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाएं

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना किसानों की आमदनी बढ़ाने में बहुत कारगर है। उन्होंने बताया कि जिला के किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ण दिया जाता है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। डीसी ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्राप्त कर सकता है।

## 50 लाख की लागत से बने आरोग्य मंदिर का शिलान्यास, विपक्षी दलों पर झूठ का आरोप

# मछौंडा को मिलेगी रेलवे फाटक की सौगात, 25 करोड़ की मिली मंजूरी

पहले जो पीएचसी होती थी अब सरकार ने उसका नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। मछौंडा के ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व मंत्री अनिल विज।

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने हमेशा काम करने की राजनीति की है। वह और उनके सभी कार्यकर्ता काम करने में विश्वास करते हैं। मगर विपक्षी दल लोगों की भावनाएं भड़काकर, झूठ बोलकर व फरेब कर राजनीति करते हैं। विज छावनी के मच्छौंडा में 50 लाख रुपए की तैयार होने वाले सब हेल्थ सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले जो पीएचसी होती थी अब उसका सरकार ने उसका नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया है जिसके निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। आरोग्य मंदिर में अलग डॉक्टर की सुविधा के साथ-साथ विभिन्न टेस्ट करने की सुविधा होगी। लोगों को ईलाज कराने के लिए चंद्रपुरी, मच्छौंडा, सुंदरनगर व अन्य कॉलोनियों के निवासियों को इस केंद्र का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया जब वह स्वास्थ्य मंत्री थे तब उन्होंने प्रदेश में 162 ऐसे केंद्र मंजूर किए थे जिनमें से एक केंद्र मच्छौंडा में बनने जा रहा है। ऐसा ही एक केंद्र शाहपुर में बनाएंगे जिसकी राशि आ चुकी है। उन्होंने बताया कि मच्छौंडा में उनके द्वारा ढेरों विकास कार्य करवाए, उन्होंने गांव में सीवरेज, पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था, एसटीपी, स्ट्रीट लाइटें, पक्की गलियां व अन्य ढेरों कार्य करवाए जिनका मच्छौंडा के लोगों को लाभ मिल रहा है। इसके अलावा मच्छौंडा के लोगों को बहुत जल्द रेलवे फाटक पर पुल की सौगात भी मिलेगी। इस कार्य के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि आ चुका है। इस राशि से जल्द इसके कार्य के टेंडर किए जाएंगे। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर नन्हेड़ा व घसीटपुर में भी पुल बन रहा है। उन्होंने कहा कि मच्छौंडा शहर से कटा हुआ था, मगर पुल बनने से यह शहर से पूरी तरह जुड़ जाएगा। अंबाला रिंग रोड बन रही है। मच्छौंडा व अन्य गांव सभी हाइवे पर आ जाएंगे।

### गांव पहुंचने पर विज का किया स्वागत

इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूर्व मंत्री अनिल विज का जोरदार स्वागत मच्छौंडा निवासियों द्वारा किया गया। समारोह के दौरान भाजपा नेता किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, रामबाबू यादव, श्यामसुंदर अरोड़ा, संजीव सोनी, सुरेंद्र मिस्त्री, तलविंद्र सिंह सोनू, बलविंद्र सिंह, सुरेश सिंह, सोहनलाल, सोनू पंडित, प्रकाश चंद गुप्ता, अंग्रेज सिंह, लक्की, जंग बहादुरपाल, लेखराज सैनी, सुरेंद्र तिवारी, अजय बवेजा के अलावा सीएमओ डा. राकेश सहल, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेंश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विज ने विपक्ष पर मंच से विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उन्होंने लोगों की जमीनों, किसी दुकान या मकान पर कब्जे नहीं होने दिए और कब्जा कंपनी को छावनी से उखाड़कर फेंका। अब कब्जा कंपनी कहीं पर कब्जा करके दिखाए। पहले पूरे शहर में इनके दलाल झगड़े वाली संपत्ति ढूंढते थे ताकि उनपर कब्जा कर सके, मगर अब यह किसी संपत्ति पर कब्जा करके दिखाए। दस सालों में उन्होंने इस कब्जा कंपनी की कमर तोड़ी है ताकि हमारे शहर के लोग अमन-चैन से रह सकें। उन्होंने कहा हम लोगों की सुख सुविधाओं का इंतजाम करते है जबकि विपक्षियों ने अपने कार्यकाल में अपनी जमीनों का इंतजाम किया। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस की तरह कभी झूठ की राजनीति नहीं की।

## नशे के खिलाफ योगदान देने पर एसआई सम्मानित

- डीजीपी ने कई अधिकारियों को प्रशस्त्रि पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एसआई अशोक वर्मा को सम्मानित करते डीजीपी शत्रुजीत कपूर।

नशा मुक्त भारत पखवाड़े के तहत हरियाणा पुलिस द्वारा 12 से 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा मनाया गया। यह राज्य स्तरीय समारोह राजकीय कन्या महाविद्यालय पंचकूला में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर मुख्यातिथि थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें पंचकूला पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अति सराहनीय सेवाओं के लिए 23 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशा मुक्ति अभियान के अति सराहनीय उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा प्रशंसा पत्र और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया। उच्चाधिकारियों ने उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में इनका बहुत ही सराहनीए योगदान है। बता दें उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा चार बार साइकिल यात्रा निकाल कर भी नशा मुक्ति का संदेश दे चुके हैं। वे प्रायः साइकिल पर चलते हैं और साइकिल पर नशा मुक्त अभियान की पट्टी लगाकर रखते हैं।

### मजदूरी करने वाले युवक पर हमला

- हमलावरों ने हमले के बाद लहराई तलवारें

**मुलाना।** कलालटी गांव में मेहनत मजदूरी करने वाले युवक को कुछ युवकों ने रंजिशन गाली गलौच की। साथ ही डंडे तलवारे लहराई गई । पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रवीन कुमार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है । 24 जून की रात 11:30 बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था । शिकायत के अनुसार तभी वहां अचानक से अंगद उर्फ पंकज , गोली ,मोहित व राहुल ने उसके साथ गोली गलौच की और लाठी,डण्डे व तलवार लहराई । मामले की विडियो भी है।

## ट्रेक्टर मोड़ने को लेकर हुए विवाद में जमकर चली ईंटे, पांच पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव गोला में ट्रैक्टर मोड़ने को लेकर हुए विवाद में जमकर इंटे बरसाई गई। इसमें एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हुए । मामले में पुलिस ने गांव के ही पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

पुलिस को दी शिकायत में बब्बर सिंह वासी गोला ने बताया कि 24 जून को उसका लडका पृथ्वीराज शाम करीब 5 बजे अपना ट्रैक्टर लेकर पंच प्रवीन कुमार के कहने पर फसे ट्रैक्टर को निकाल रहा था।जब वह उस ट्रैक्टर को गली से मोडने लगा तो कुलबीर सिंह वासी गांव गोला ने कहा कि यहां ट्रैक्टर क्यो मोड रहा है । इस बात पर दोनों की बहस हो गई । शिकायत के अनुसार कुलबीर ने पृथ्वीराज के सिर में ईंटे मारी । शोर सुनकर बब्बर सिंह,उसकी लड़की आरती, पत्नी राज रानी वहां आए और उसे छुड़वाने लगे । तभी कुलबीर के साथ नसीब सिंह , जसविंद्र सिंह , रुपिंद्र सिंह , मलकीत सिंह ने मिलकर ताबड़तोड़ ईंट पत्थर बरसाने शुरु कर दिए। इसमें वो सभी घायल हो गए । उन्हें गांव वालों ने छुड़वाया । घायलों को मुलाना अस्पताल ले जाया गया। ज्यादा चोटें लगी होने के कारण उन्हें अंबाला शहर रेफर किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी ।

## नशाखोर युवकों ने एसपीओ पर किया हमला हत्या की नीयत से गला दबाने का आरोप

- पुलिस ने डेहा कॉलोनी के कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में स्पेशल पुलिस ऑफिसर पर ड्यूटी के दौरान कुछ नशाखोरों ने हमला कर दिया। एसपीओ का आरोप है कि बाइक पर आए 4 दबंगों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसका गला तक दबा दिया। इसी वजह से उसकी सांसे अटक गई । इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

संजीव कुमार ने बताया कि वह हरियाणा पुलिस में एसपीओ के पद पर तैनात है। उसकी पिछले एक साल से डेहा मंडी अंबाला कैंट के पास नाका पर ड्यूटी है। 25 जून की शाम साढ़े 7 बजे वह और एसपीओ कमलजीत सिंह नाका पर तैनात थे। इस दौरान सुभाष पार्क की तरफ से एक बाइक आई।

बाइक पर 4 युवक बैठे हुए थे, जो शराब के नशे में धुत थे। चारों युवकों ने बाइक उसके पास आकर रोकी और गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों में दक्ष व कुकड़ी को वह जानता था। नशेड़ी युवकों ने उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। हमलावरों ने उसका गला दबाया। उसकी सांसें अटक गई थी। बड़ी मुश्किल से आरोपियों से अपना गला छुड़वाया। आरोपियों ने उसकी वर्दी तक फाड़ दी।

आरोपी गाली-गलौज करते हुए कहने लगे कि तुम लोगों ने हमें परेशान कर रखा है। यहां से नाका हटवाओ। एसपीओ ने बताया कि डेहा कॉलोनी से 15/20 औरतें व आदमी आ गए। उन्होंने उस पर ईंट फेंकनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उनकी कुर्सी व सामान भी तोड़ दिया। जब भीड़ इकट्ठा होने लगी तो आरोपी फरार हो गए। अब पुलिस फरार आरोपियों को तलाश रही है।

# मानसून सिर पर और नाले गंदगी से अटे

- बाढ़ आई तो अफसर होंगे जिम्मेदार
- नालों की सफाई को लेकर पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह।

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने वीरवार को अंबाला शहर के कई कार्यकर्ताओं के आह्वान पर कई इलाकों का दौरा किया। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मात्र कुछ देर में आने वाली बरसात से ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो जाता है। मुख्य नालो और ड्रेन की सफाई न होने की वजह से ज्यादातर नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं। इससे जल भराव की संभावनाएं बढ़ जाती है। मानसून बिल्कुल सिर पर खड़ा है। निर्मल सिंह ने कहा कि नालों और ड्रेन की सफाई न होने की वजह से रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो रहा है। अंबाला शहर व छावनी में पिछले साल की तरह बाढ़ की चेतावनी के बावजूद अफसर सोए हुए हैं। अगर इस बार बरसाती पानी की वजह से शहर की जनता को नुकसान होता है तो भाजपा सरकार को उसकी भरपाई उन अफसरों की जेब से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर व छावनी के लगभग बड़े नाले और ड्रेन भी गंदगी से अटे पड़े है परंतु सरकार व सरकार के मंत्री मानसून को लेकर चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार आई बाढ़ के बाद सरकार को सबक लेना चाहिए था परंतु बाढ़ ग्रस्त अंबाला घोषित होने के बाद भी अब तक सरकार पिछली बाढ़ का सर्वे ही नहीं करा रही है। नुकसान का मुआवजा किसी को भी नही दिया गया। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर के मनमोहन नगर, इंको, कोतवाली थाने के पास से गुजर रहे बड़े नाले गंदगी से भरे पड़े हैं। इसी प्रकार अंबाला छावनी का गुडगुड़िया नाला, महेश नगर, हाथी खाना, रेलवे कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, बोह ड्रेन लगभग सभी गाद से अटी पड़ी हैं। सफाई के नाम पर बस लोक दिखावा किया गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम अंबाला शहर व नगर परिषद छावनी द्वारा इस बार बरसाती सीजन से पहले तीन मुख्य नालों की सफाई का ही टेंडर जारी किया गया।

# प्रशासन ने बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की

- डीसी ने बरसात से पहले अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। नालों का निरीक्षण करते डीसी डॉ. शालीन।

डीसी डॉ. शालीन ने वीरवार को बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्वयं अंबाला शहर के 40 से ज्यादा स्थानों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को नालों व ड्रेन की सफाई के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बरसात से पहले बाढ़ से बचाव की तैयारियों को मिशन मोड में पूरा करने के आदेश दिए। इस मौके पर अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार, सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ विभाग, एचएसवीपी, नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीसी डॉ. शालीन ने आर्य समाज मंदिर से शहर का दौरा शुरू किया। उन्होंने यहां नालों की सफाई के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने इंद्रपुरी कॉलोनी में रेलवे लाईन के नीचे से निकलने वाले नाले को तत्काल खोलने के आदेश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां शहर में नालों से कचरा निकाला जा रहा है, उसे तत्काल ट्रैक्टर-ट्रालियों से उठवाया जाए, अन्यथा वह कचरा बरसात के मौसम में वापिस उन्हीं नालियों व नालों में बह जाएगा। इसके साथ-साथ उन्होंने शहर के अंदर व शंभू बॉर्डर के नजदीक, एनएच-44 के साथ लगते व 152 डी के नजदीक पब्लिक हैल्थ के नालों का भी दौरा किया। उन्होंने जेसीबी लगाकर उनकी सफाई करने के निर्देश दिए।

### इन स्थानों का किया दौरा

आर्य नगर मंदिर, नदी मोहल्ला, नया बांस कालोनी, सरकुलर रोड़, इन्द्रपुरी कालोनी, इन्द्रपुरी मोटर पम्पिंग स्टेशन, न्यू इंद्रपुरी, भगवान महावीर जैन चौक, पुरानी घास मंडी, बनूड़ी नाका, 152 डी के पास घग्गर प्वाइंट, अंबाला ड्रेन का लास्ट प्वाएंट, शंभू बोर्ड घग्गर पुल, मानकपुर रोड के पास, बनूड़ी नाके के सामने, मनमोहन नगर, मोटर मार्केट काला पुल, प्रताप नगर रेलवे फाटक बलदेवनगर के पास, शिव बाग बलदेवनगर, कबीर नगर पुलिया, मथुरा इन्कलेव, इंको पुलिया चौक, नाला इंको टू लक्ष्मीनगर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक, जंडली शमशान घाट के पास नाला, वाटिका सेक्टर 23, मानव चौक के पास, नसीरपुर, गणेश विहार नजदीक दयानंद पब्लिक स्कूल, नग्गल के पास गंदा नाला शामिल है।

### नहरों के फ्लो में न आए कोई रूकावट

डीसी डॉ. शालीन ने सिंचाई विभाग की नहरों व नालों का भी दौरा किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां नहरों व नालों के फ्लो की समस्या है, उसे तत्काल ठीक किया जाए। कहीं भी नहर के फ्लो में कोई रूकावट न आए। सिंचाई विभाग नहरों की सफाई करवाए। उन्होंने नग्गल के पास नाले का भी दौरा किया। इसके साथ-साथ पुलिस लाईन की ओर आने वाले नाले पर तत्काल जेसीबी लगाकर सफाई करवाने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्यकारिणी का विस्तार, ईशम सिंह बने खंड के प्रधान


बराड़ा। बैठक में शामिल होते हुए सफाई कर्मचारी।

**बराड़ा।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन हरियाणा की एक विशेष मीटिंग राज्य महासचिव जसविंदर परोचा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के कई सदस्यों ने भागलिया और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मीटिंग में खंड के सफाई कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यहां ब्लॉक प्रधान की अनुपस्थिति के कारण उन्हें नया खंड प्रधान नियुक्त करना चाहिए। सर्व समिति ने ईशम सिंह को खंड प्रधान के रूप में चुना। इसके अतिरिक्त, उप प्रधान के रूप में जगतार सिंह को, महासचिव विक्रम खजांची को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके इलावा अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी नियुक्त किए गए। इनमें रिंकू चौहान, कर्मवीर, कंवरपाल, बलदेव, प्रवीण, मिंटू, विक्रम, संदीप, विकास, बलदेव, राजेंद्र, भूषण, सोमपाल, शीशपाल और गुलजार शामिल शामिल हुए।

### निकासी न होने से घरों में घुसा गंदा पानी

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 13 में पानी की निकासी न होने के कारण घरों में घुस रहा है गंदा पानी। वार्ड वासी गली में गंदे पानी से निकलने पर मजबूर हो रहे हैं गंदे पानी के कारण मच्छरों से बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस बारे पूर्व सरपंच पवन जैलदार, मदन राणा, सोनू राणा, एस कुमार, दुर्गा राणा, ज्ञान चंद राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्ड में नगर पालिका आने के बाद जो भी विकास हो रहा है वह अपनी आंखों से आप खुद देख सकते हैं। वार्ड में रहना बड़ा मुश्किल हो रहा। इतना पानी है कि एक कदम भी निकला नहीं जा सकता। पिछले लंबे समय से लोग परेशान है लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इससे लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच चुका। अगर जल्दी ही समाधान नहीं हुआ तो लोग सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे जो प्रशासन की जिमेदारी होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## भीषण गर्मी में हर कोई परेशान, धान की रोपाई का काम प्रभावित

# बिजली के अघोषित कटों से ग्रामीणों का जीना हुआ मुहाल

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, हर संभव सहयोग देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देते रोहित जैन व अन्य।

अंबाला शहर के गांव खन्ना माजरा में वीरवार को कांग्रेस की ओर से जनसवाद का कार्यक्रम किया गया। इसमें बड़ी तादाद में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया l स्थानीय कांग्रेस नेता दविंदर सिंह भाटिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन द्वारा की गई। जनसंवाद के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोहित जैन को ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया l मुख्य रूप से उन्होंने बताया की वे बिजली के अघोषित कटों से परेशान हैं। दिन में चार से आठ घंटे तक बिजली गुल रहती है। बिजली गायब रहने से कई काम काज ठप पड़े हैं। हर समय बिना कोई सूचना के कई घंटों बिजली गुल रहती है। ग्रामीणों ने ये बात विशेष रूप से बताई की इस समय धान की रोपाई का सीजन शुरू हो चुका है। अगर बिजली की कमी इसी प्रकार से बनी रही तो धान की फसल चोपट हो कर रह जाएगी। एक तरफ गर्मी तो दूसरी तरफ बिजली से संबंधित कई काम काज लोगों का बिजली कटौती से जीना दुश्वार कर दिया है। ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता से मांग की की वह आगे बढ़ कर मांग की बिजली की समस्या का समाधान करवाएं। साथ ही आश्वासन दिया की आने वाले विधानसभा चुनावों में वे तन मन से उन्हें समर्थन देंगे। इस दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन को मजबूती प्रदान करने के अंतर्गत गांव खन्ना माजरा के दविंदर भाटिया जिला अंबाला पंचायती राज उपाध्यक्ष ग्रामीण के तौर पर नियुक्ति की गई। यह नियुक्ति जिला पंचायती राज अध्यक्ष सुरजीत सिंह पंजोखरा के आग्रह पर राजीव गांधी पंचायती राज कार्यकारिणी के विस्तार को ध्यान में रखकर की गयी। नवनियुक्त पदाधिकारी ने इस अहम जिम्मेदारी के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा का धन्यवाद किया गया। जैन ने नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंप कर बधाई दी। उन्हें कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करने को कहा l इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस की नितियों के बारे विस्तार से ग्रामीणों को जानकरी दी और कहा की कांग्रेस सभी 36 बिरादरियों के हित की बात करती है l कांग्रेस की नीति के अनुसार देश का हर नागरिक एक समान है लेकिन भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में जनहित की कोई निति नहीं बनाई l भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आम जनता के हालात बद से बदतर हुए हैं। कई ऐसे कदम उठाए गए जिनसे जनकल्याण बाधित हुआ और लोगों के अधिकार सीमित हुए हैं।